कार्यालय
वनमण्डलाधिकारी उत्तर (सामान्य) वनमण्डल, बालाघाट म.प्र.
e-mail : dfotnbghat@mp.gov.in Telephone No. : (07632) 247044

क्रमांक/मा.चि.–1 /981 बालाघाट, दिनांक 26/05/2023

प्रति,

**प्रधान मुख्य वन संरक्षक,**
**(भू–प्रबंध)**
**प्रथम तल सतपुड़ा भवन भोपाल (म.प्र.)**

विषय :– बालाघाट जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (RCPLWE) के अन्तर्गत भैंसवाही से जल्दीडांड तक सड़क निर्माण कार्य किये जाने हेतु 9.912 हेक्टेयर वनभूमि (ऑनलाईन आवेदित 9.954 हेक्टेयर) म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, बालाघाट को उपयोग पर देने बाबत्। (प्रकरण क्रमांक/FP/MP/ROAD/155407/2022)

संदर्भ :– आपका पत्र पृष्ठां. क्र./एफ–5/1192/2022/10–11/2036/भोपाल दिनांक 18.05.2023

---000---

निवेदन है कि विषयांकित प्रकरण क्रमांक/FP/MP/Road/155407/2022 भैंसवाही से जल्दीडांड तक सड़क निर्माण में प्रभावित वनभूमि 9.912 हेक्टे. के एवज में न्यायालय कलेक्टर बालाघाट के आदेश क्रमांक/रा.प्र.क्र./13/अ–59 वर्ष 2022–23 दिनांक 12 अक्टुबर 2022 में आंशिक संशोधन करते हुये संशोधित आदेश क्रमांक/रा.प्र.क्र./0013/अ–59 वर्ष 22–23 दिनांक 05 अप्रैल 2023 से ग्राम गौनाझोला प.ह.न. 45 रा.नि.म. उकवा तहसील परसवाड़ा में स्थित भूमि खसरा नं. 08 रकबा 36.251 में से 30.000 हेक्टेयर (बड़े झाड़ का जंगल मद) राजस्व वनभूमि वन विभाग को हस्तांतरित की गई है। उक्त हस्तांतरित गैर वनभूमि (राजस्व वनभूमि) में 1000 पौधे प्रति हेक्टेयर लगाया जाना संभव न होने के कारण 200 पौधे प्रति हेक्टेयर के आधार पर कुल 6000 पौधे लगाये जाने हेतु वृक्षारोपण योजना तैयार की गई है एवं शेष पौधों के रोपण हेतु RDF वनक्षेत्र में निम्न प्रकरणों की एकजाई वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना तैयार की गई है :–

| क्र. | मार्ग का नाम | ऑनलाईन प्रकरण क्र. | प्रभावित वनक्षेत्र रकबा, हे.में. | RDF क्षेत्र में तैयार योजना, हे.में. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भैंसवाही से जल्दीडांड | FP/MP/ROAD/155407/2022 | 9.912 | 30.000 |
| 2 | पितकोना दड़कसा | FP/MP/ROAD/155301/2022 | 4.455 | |
| | | **Total -** | 14.367 | 30.000 |

उपरोक्तानुसार प्राप्त गैरवनभूमि (राजस्व वनभूमि) खसरा नं. 08 रकबा 30.000 हेक्टेयर एवं RDF वनक्षेत्र कक्ष क्रमांक 1712 रकबा 30.000 हेक्टेयर पर 11 वर्षीय वृक्षारोपण योजना निर्देशानुसार तैयार कर ऑनलाईन भाग–II में वृक्षारोपण योजना, KML File, जियो रिफरेंस मैप, सर्वे ऑफ इंडिया की टोपोशीट तैयार कर अपलोड कर दी गई है।

प्रतिवेदन अवलोकनार्थ सादर सम्प्रेषित।

**(अभिनव पल्लव)**
भा.व.से.
वनमण्डलाधिकारी
उत्तर वनमण्डल (सा.) बालाघाट

E:\Sharad\Letter\CCF.docx 200

पृष्ठां. क्रमांक/ मा.चि.–1/ 982 बालाघाट, दिनांक 26/05/2023

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य वन संरक्षक, बालाघाट वनवृत्त, बालाघाट की ओर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) सतपुड़ा भवन भोपाल के पत्र पृष्ठां. क्रमांक/एफ–5/1192/2022/10–11/2036 दिनांक 18.05.2023 के परिपालन में सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।
2. कलेक्टर बालाघाट, जिला बालाघाट की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. वनमण्डलाधिकारी, दक्षिण (सा.) वनमण्डल बालाघाट की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।
4. महाप्रबंधक, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण परियोजना क्रियान्वयन ईकाई क्र. 1 बालाघाट की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

वनमण्डलाधिकारी
उत्तर वनमण्डल (सा.) बालाघाट